(iii) Three years' experience as Draftsman in the Central Government or a State Government. Note 1. Qualifications are relaxable at the discretion of the Central Government in the case of candidates otherwise well qualified. Note 2. The qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the Central Government for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, if at any stage of Selection Central Government is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.			

In case of recruitment by promotion/deputation/absorption, grades from which promotion/deputation/absorption to be made	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition?	Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment
12	13	14
Deputation/absorption Officers of the Central Government, (a)(i) holding analogous post on a regular basis; or (ii) with five years' regular service in post in the scale of pay of Rs. 4000-6000, and (b) possessing the educational qualifications and experience prescribed for direct recruits under column 8. For Ex-servicemen Deputation/re-employment The Armed Forces Personnel due to retire or who are to be transferred to reserve within a period of one year and having the requisite experience and qualifications prescribed shall also be considered. Such persons would be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed Forces, thereafter they may be continued on re-employment. (Period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held	Group 'C' Departmental Promotion Committee for confirmation consisting of: (1) Director/Deputy Secretary to the Government of India (Administration) —Chairman (2) Director of Estates-II, Directorate of Estates—Member (3) Joint Director (Administration), Directorate of Printing —Member	Not applicable

12

immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/department of the Central Government shall ordinarily not to exceed three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of the receipt of applications.)

1	2	3	4	5	6	7
2. Ferro Printer	1* (1999)	General Central Service Group 'C' Non-Gazetted Technical Non-Ministerial	Rs. 3050-75-3950-80-4590.	Not applicable	Not applicable	Not exceeding 25 years (Relaxable for Government servants upto the age of 40 years in the case of general candidates and 45 years in case of the Scheduled Caste or the Scheduled Tribe candidates in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government from time to time). Note 1. The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, the Union Territory of the Andaman and Nicobar Islands or the Union Territory of Lakshadweep). Note 2. The crucial date for determining the age limit in the case of candidates from Employment Exchanges shall be the last date upto which the Employment Exchanges are asked to nominate candidates.

*(Subject to variation dependent on workload)

8	9	10	11
(i) Matriculation from a recognised Board/ University; (ii) Knowledge of operating Ferro-frames. Ferro-Printing and drying machines; (iii) Ability to prepare chemical solution for sensitizing paper and develop amonia gas prints; (iv) Two years experience of Ferro-Printing; and (v) Ability to read drawing and its index. Note 1. Qualifications are relaxable at the discretion of the Central Government in the case of candidates otherwise well qualified. Note 2. The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the Central Government in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes if at any stage of selection the Central Government is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them.	Not applicable	Two years	By direct recruitment

12	13	14
Not applicable	Group 'C' Departmental Promotion Committee for confirmation comprising of:— (1) Director/Deputy Secretary to the Government of India (Administration) —Chairman (2) Director of Estates-II, Directorate of Estates—Member (3) Joint Director (Administration) Directorate of Printing—Member	Not applicable

[F. No. A-11014/1/94-Admn. IV]

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग (आयोग का गठन कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, की, अधिसूचना संख्या 13040/2/90- एस. सी. डी. VI दिनांक 12 मार्च, 1992, द्वारा अधिसूचित)

[संविधान के अनुच्छेद 338 (4) के अधीन]

नई दिल्ली, 7 मार्च, 1999

भा.का.नि. 184 :— राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यविधि नियम

अध्याय I

सामान्य

आयोग का गठन

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 338, जिसे संविधान (पैंसठवां संशोधन), अधिनियम, 1990, द्वारा संशोधित किया गया है, के अधीन राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग (जिसे उसके बाद आयोग कहा जायेगा) गठित किया गया है। आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पांच अन्य सदस्य होंगे।

आयोग का मुख्यालय

2. आयोग का मुख्यालय नई दिल्ली में अवस्थित होगा

आयोग के राज्य कार्यालय

3. आयोग के निम्नलिखित राज्य कार्यालय इसके नियंत्रणाधीन होंगे :—

स्थान	अधिकारक्षेत्र
1. अगरतला	त्रिपुरा
2. अहमदाबाद	गुजरात तथा दादरा और नागर हवेली, संघ राज्य क्षेत्र
3. बेंगलौर	कर्नाटक
4. भोपाल	मध्य प्रदेश
5. भुवनेश्वर	उड़ीसा
6. कलकत्ता	पश्चिम बंगाल, सिक्किम तथा अंडमान और निकोबार द्वीप-समूह संघ राज्य क्षेत्र
7. चंडीगढ़	पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर तथा चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र
8. गुवाहाटी	असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर तथा नागालैंड
9. हैदराबाद	आंध्र प्रदेश
10. जयपुर	राजस्थान
11. लखनऊ	उत्तर प्रदेश
12. चैन्नई	तमिलनाडु पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र
13. पटना	बिहार
14. पुणे	महाराष्ट्र, गोवा तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र
15. शिलांग	मेघालय तथा मिजोरम
16. तिरुवनन्तपुरम्	केरल तथा लक्षद्वीप एवं मिनीकाय द्वीप-समूह

4. आयोग, यदि आवश्यक समझे तो, नए कार्यालय और उप कार्यालय खोल सकता है और अपने किसी राज्य कार्यालय के स्तर को बढ़ा अथवा घटा सकता है तथा उसके अधिकार-क्षेत्र में परिवर्तन कर सकता है :

5. संविधान में यथावर्णित आयोग के कार्य और दायित्व निम्नलिखित होंगे :—

(क) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए इस संविधान या तत्समय या प्रवृत्त किसी अन्य विधि या सरकार के किसी आदेश के अधीन उपबंधित सुरक्षणों से संबंधित सब विषयों का अन्वेषण और अनुवीक्षण करना तथा ऐसे सुरक्षणों के कार्यकरण का मूल्यांकन करना ;

(ख) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उनके अधिकारों और सुरक्षणों से वंचित करने की बाबत विनिर्दिष्ट शिकायतों की जांच करना ;

(ग) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास की योजना प्रक्रिया विषय में भाग लेना और सलाह देना तथा संघ और किसी राज्य के अधीन उनके विकास में प्रगति का मूल्यांकन करना ;

(घ) उन सुरक्षणों के कार्यकरण के बारे में प्रति वर्ष, और ऐसे अन्य समयों पर, जो आयोग ठीक समझे, राष्ट्रपति को प्रतिवेदन पेश करना ;

(ङ) ऐसे प्रतिवेदनों में उन उपायों के बारे में जो उन सुरक्षणों के प्रभावपूर्ण कार्यान्वयन के लिए संघ या किसी राज्य द्वारा किए जाने चाहिएं, तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण, कल्याण और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अन्य उपायों के बारे में सिफारिश करना; और

(च) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण, कल्याण, विकास तथा उन्नयन के संबंध, में ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना जो राष्ट्रपति संसद, द्वारा बनाई गई किसी विधि के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, नियम द्वारा विनिर्दिष्ट करें।

6. आयोग देश में किसी भी स्थान पर "सिटिंग" और "मीटिंग" (बैठकों) के जरिए तथा मुख्यालय और राज्य कार्यालयों में अपने अधिकारियों के माध्यम से भी कार्य करेगा। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित आयोग के सदस्य इन नियमों में निर्धारित कार्यविधि के अनुसार कार्य करेंगे।

अध्याय II

दायित्वों का विभाजन तथा कार्य का आवंटन

अध्यक्ष

7. अध्यक्ष आयोग के प्रधान होंगे और उन्हें आयोग में उत्पन्न सभी प्रश्नों और विषयों पर निर्णय लेने की अवशिष्ट शक्तियां प्राप्त होंगी सिवाय उन मामलों में जहां इन नियमों में विशेष प्रावधान किया गया हो।

8. अध्यक्ष आयोग के सदस्यों में विषयों और दायित्वों का आवंटन करेंगे। विषयों और दायित्वों के आवंटन से संबंधित आदेश आयोग के सचिवालय द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को परिचालित किया जायेगा।

9. अध्यक्ष को सदस्यों का अवकाश स्वीकृत करने तथा उनके दौरों का अनुमोदन करने का प्राधिकार प्राप्त होगा।

10. अध्यक्ष आयोग की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

11. सदस्यों को आवंटित विषयों के संबंध में आयोग में सभी महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष के अनुमोदन से लिए जायेंगे।

12. अध्यक्ष किसी भी विषय पर ऐसा कोई रिकार्ड मंगवा सकता है जिसे वह महत्वपूर्ण समझता हो और वह इस पर स्वयं निर्णय ले सकता है अथवा यदि आवश्यक हो तो उसे आयोग की बैठक में रख सकता है।

उपाध्यक्ष

13. अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष आयोग की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

14. उपाध्यक्ष द्वारा ऐसे सभी कार्य किए जायेंगे जो अध्यक्ष द्वारा उसे सौंपे गए हों।

सदस्य

15. आयोग के सदस्यों का सामूहिक दायित्व होगा और वे आयोग की बैठकों और "सिटिंग" में भाग लेकर तथा उन्हें आवंटित विषयों की देखभाल कर अपना कार्य संपादित करेंगे। किसी सदस्य की महत्वपूर्ण कारवाइयों तथा निर्णयों को आयोग की बैठकों में प्रस्तुत किया जा सकता है जो उसकी समीक्षा कर सकता है।

16. आयोग की बैठक की कार्यसूची में शामिल करने के लिए कोई भी सदस्य अपनी ओर से मदों का सुझाव दे सकता है परन्तु अध्यक्ष की सहमति प्राप्त होने के बाद ही इन मदों को शामिल किया जायेगा।

17. सदस्यों को आवंटित विषयों तथा/अथवा क्षेत्रों या राज्यों के बारे में प्रत्येक सदस्य समग्र रूप से उत्तरदायी होगा।

18. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण से संबंधित योजना और विकास के, मामलों में सदस्य उनके अधिकारक्षेत्र के अंतर्गत राज्य सरकारों को परामर्श देने की भूमिका निभायेंगे। मुख्यालय में आयोग का सचिवालय तथा राज्य कार्यालय सदस्यों को राज्यों की समस्याओं और क्रियाकलापों तथा उनके प्रभाराधीन आने वाले विषयों की पूर्ण रूप से जानकारी देते हुए उनकी मदद करेगा।

19. अन्यत्र नियमों में विनिर्दिष्ट कार्यविधि के अनुसार एक या एक से अधिक सदस्य मामलों की सुनवाई के लिए या ऐसे किसी विषय पर मुद्दे या मामले में जिसमें आयोग द्वारा अन्वेषण या जांच की जा रही हो, साक्ष्य या जानकारी एकत्र करने के लिए आयोग की "सिटिंग" बुला सकते हैं।

20. सदस्य अपने दौरा कार्यक्रमों की सूचना दौरे का विस्तार से प्रयोजन बताते हुए राज्य-कार्यालयों को तथा दौरे के दौरान राज्य सरकार विभाग और अन्य संबंधितों को विचार-विमर्श/जांच आदि के लिए समय से पहले देंगे। सदस्य, ऐसे दौरों के दौरान, सुरक्षा/यात्रा/आवास आदि से संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित मानदण्डों का पालन करेंगे।

सचिव

21. सचिव आयोग का प्रशासनिक अध्यक्ष होगा और वह आयोग के अधिकारियों की सहायता से आयोग के कार्यों के निर्वहन में उसकी सहायता करेगा।

22. सभी महत्वपूर्ण प्रशासनिक विषय सचिव के समुख रखे जायेंगे जो ऐसे विषयों पर सामान्य अथवा विशिष्ट आदेश जारी कर सकता है।

23. सचिव आयोग की बैठकों के लिए कार्यसूची तैयार करने और बैठक के कार्यवृत्त को परिचालित करने के लिए उत्तरदायी होगा।

24. सचिव रिपोर्टों को अंतिम रूप देने में आयोग की सहायता करेगा।

25. सचिव अपने विवेक पर सचिवालय के किसी भी अधीनस्थ अधिकारी को अपना कोई भी कार्य या प्राधिकार प्रत्यायोजित कर सकता है।

अध्याय III

आयोग द्वारा अन्वेषण तथा जांच

अन्वेषण तथा जांच की विधियां

26. आयोग उसके प्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले विषयों का अन्वेषण (इंवेस्टिगेशन) अथवा जांच (इंक्वायरी) करने के लिए निम्नलिखित विधियों में से किसी एक अथवा एकाधिक विधियों को अपना सकता है :—

(क) आयोग द्वारा सीधे ही;

(ख) आयोग के मुख्यालय में गठित अन्वेषण दल द्वारा; और

(ग) अपने राज्य कार्यालयों के माध्यम से ।

आयोग द्वारा सीधे ही अन्वेषण तथा जांच

27. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के सुरक्षणों, संरक्षण, कल्याण और विकास से संबंधित जिन मामलों का अन्वेषण अथवा जिन विशिष्ट शिकायतों की जांच स्वयं करने का निर्णय आयोग लेता है, ऐसे अन्वेषण या जांच के लिए आयोग "सिटिंग" आयोजित कर सकता है । ऐसी "सिटिंग" आयोग के मुख्यालय में अथवा देश में किसी दूसरे स्थान पर आयोजित की जा सकती है।

28. आयोग की "सिटिंग" सुनवाई के लिए अभिप्रेत पार्टियों को उचित नोटिस देने तथा पर्याप्त प्रचार अथवा आम जनता को सूचना देने के बाद ही आयोजित की जायेगी यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जायेगी कि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को जो अन्वेषण या जांच के अधीन मामले से प्रभावित है, नोटिस अथवा प्रचार के माध्यम से उचित सूचना दी जा चुकी है ।

29. जब आयोग द्वारा सीधे ही अन्वेषण या जांच करने का निर्णय लिया जाता है, आवश्यक स्टाफ सहित एक अधिकारी को, जो अनुसंधान अधिकारी/अनुभाग अधिकारी से कम स्तर का न हो, उस सदस्य के साथ कार्य पर लगाया जायेगा जिसे ऐसा अन्वेषण या जांच सौंपा गया है तथा वे (अधिकारी और स्टाफ) "सिटिंग" आयोजित करने के लिए सभी कदम उठायेंगे ।

30. आयोग अन्वेषण या जांच के दौरान "सिटिंग" में शपथ पर साक्ष्य या शपथपत्र प्राप्त कर सकता है । अन्वेषण या जांच में साक्ष्य लेने के उद्देश्य से यदि आयोग किसी व्यक्ति की उपस्थिति को आवश्यक समझता है तो वह उसे "समन" भेज सकता है। "समन" आयोग के सम्मुख उपस्थित होने के लिए निर्देशित व्यक्ति को "समन" प्राप्त करने की तिथि से कम से कम 15 दिन का नोटिस दिए जाने का प्रावधान होगा ।

31. जहां अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की सम्पत्ति सेवा/रोजगार तथा अन्य संबंधित मामले तात्कालिक धमकी के अधीन है और आयोग का शीघ्र ध्यान अपेक्षित है, टेलेक्स/फैक्स जारी करके मामला संबंधित प्राधिकरण के ध्यान में, उन्हें यह सूचित करते हुए कि मामला आयोग की पूर्ण जानकारी में है, लाया जाएगा। संबंधित प्राधिकरण से अत्यावश्यक जवाब टेलीग्राम अथवा फैक्स द्वारा मंगवाया जाए। यदि एक सप्ताह के भीतर कोई पत्र प्राप्त नहीं होता है तो संबंधित प्राधिकारी को जांच के लिए अल्प सूचना पर बुलाया जाएगा ।

32. आयोग अन्वेषण या जांच के किसी मामले में साक्ष्य लाने के लिए "कमीशन" जारी कर सकता है और इस उद्देश्य के लिए लिखित आदेश द्वारा किसी व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है। आयोग "कमीशन" पर साक्ष्य लाने के लिए नियुक्त व्यक्तियों को शुल्क तथा यात्रा और अन्य भत्तों का भुगतान करने के लिए अतिरिक्त नियम बना सकता है।

33. अपेक्षित "सिटिंग" के बाद जिस सदस्य ने अन्वेषण किया है वह एक रिपोर्ट तैयार करेगा और वह रिपोर्ट सचिव को अथवा रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को भेजी जायेगी। जांच के बाद अध्यक्ष के अनुमोदन से रिपोर्ट पर कार्रवाई आरम्भ की जा सकती है ।

आयोग के मुख्यालय में गठित अन्वेषण दल द्वारा अन्वेषण या जांच

34. आयोग निर्णय ले सकता है कि किसी विषय के अन्वेषण या जांच आयोग के अधिकारियों के एक अन्वेषण दल द्वारा कराई जाये, परन्तु यदि मामला ऐसा हो जिसमें तत्काल कार्रवाई अपेक्षित है तो ऐसे अन्वेषण या जांच के लिए निर्णय अध्यक्ष द्वारा लिया जा सकता है ।

35 अन्वेषण दल तत्काल ही अन्वेषण या जांच जो भी हो, के लिए कार्रवाई प्रारम्भ करेगा और इस प्रयोजन के लिए प्रपत्र-1 में दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी करने सहित आवश्यक पत्राचार प्रारम्भ करेगा ।

36. अन्वेषण दल दौरे का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित औपचारिकताओं तथा अन्य प्रशासनिक अपेक्षाओं का पालन करने के बाद तथा अन्वेषण या जांच का विषय, प्रयोजन सीमा तथा कार्यविधि संबंधी सूचना संबंधित स्थानीय प्राधिकारियों को देने के बाद संबंधित क्षेत्र का भ्रमण कर सकता है । अन्वेषण दल संबंधित राज्य कार्यालय के अधिकारियों तथा स्टाफ की सहायता प्राप्त कर सकता है परन्तु रिपोर्ट तैयार करने तथा प्रस्तुत करने का दायित्व अन्वेषण दल के प्रधान का होगा।

37. अन्वेषण दल अन्वेषण अथवा जांच जो भी हो, उसकी रिपोर्ट सामान्य, अथवा विशिष्ट आदेशों द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित अवधि, यदि कोई हो, के भीतर आयोग के सचिव अथवा संबंधित अधीनस्थ अधिकारी को प्रस्तुत करेगा । यदि निर्धारित समय सीमा को बढ़ाने की संभावना हो, तो इसके लिए अन्वेषण दल का प्रधान उस मामले के प्रभारी अधिकारी के माध्यम से सचिव के आदेश प्राप्त करेगा । रिपोर्ट की जांच की जाएगी तथा रिपोर्ट पर की जाने वाली कार्रवाई से संबंधित निर्णय लेने के लिए सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी ।

38. रिपोर्ट अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी, जो मामले में उचित कार्रवाई करेंगे ।

राज्य कार्यालयों के माध्यम से अन्वेषण या जांच

39. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विषय विशेष पर अधिकारिता रखने वाला सदस्य या आयोग का सचिव निर्णय ले सकता है कि कोई अन्वेषण या जांच आयोग के राज्य कार्यालयों के माध्यम से की जायेगी। संबंधित राज्य कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को इस निर्णय की सूचना भेजी जायेगी और उसे निर्धारित समयावधि के भीतर मामले का अन्वेषण या जांच करने और रिपोर्ट भेजने के लिए कहा जायेगा। राज्य कार्यालय पूछ-ताछ, स्थल का दौरा करके, विचार-विमर्श तथा पत्राचार और दस्तावेजों के अध्ययन के माध्यम से, जैसा भी मामले में आवश्यक समझा जाये, अन्वेषण या जांच का कार्य करेगा और साथ ही वह इस संबंध में समय-समय पर आयोग के सचिवालय से जारी किन्हीं विशेष अथवा सामान्य अनुदेशों का अनुपालन भी करेगा।

40. यदि अन्वेषण या जांच का कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा न किया जा सकता हो तो राज्य कार्यालय का प्रभारी अधिकारी निर्धारित समय की समाप्ति से पहले आयोग के सचिवालय को पत्र भेजेगा और निर्धारित अवधि के भीतर अन्वेषण या जांच, जो भी हो, का कार्य पूरा न होने से संबंधित परिस्थितियों और कारणों को स्पष्ट करेगा। आयोग का सचिव अथवा प्रत्यायोजित शक्तियों के अन्तर्गत कार्य करने वाला अधिकारी इस प्रकार के अनुरोध पर विचार करेगा और उसे अन्वेषण या जांच का कार्य पूरा करने की संशोधित तिथि की सूचना भेजेगा।

41. यदि अन्वेषण या जांच के दौरान, राज्य कार्यालय का प्रधान यह महसूस करता है कि किसी दस्तावेज के प्रस्तुतिकरण के लिए या उनके सम्मुख किसी व्यक्ति की उपस्थिति की बाध्यता के लिए आयोग की शक्तियों का इस्तेमाल करना आवश्यक हो गया है तो वह पूर्ण तथ्यों सहित एक विशेष रिपोर्ट इस आयोग के सचिवालय को भेजेगा। ऐसी विशेष रिपोर्ट प्राप्त होने पर मामले को सचिव/विषय के प्रभारी सदस्य/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सम्मुख रखा जायेगा जो इस आशय का आदेश जारी करेगा कि उपस्थिति की बाध्यता या किसी दस्तावेज के प्रस्तुतीकरण के लिए आवश्यक विधिक प्रक्रिया प्रारम्भ की जाये। इस प्रयोजन के लिए जारी "समनों" तथा वारंटों को या तो सीधे ही या राज्य कार्यालय के प्रभारी अधिकारी के माध्यम से, जैसा ऐसी कानूनी प्रक्रिया प्राधिकृत करने वाले सचिव/सदस्य द्वारा निदेश दिया जाए, संबंधित व्यक्तियों को भेजा जायेगा।

42. अन्वेषण या जांच, जो भी हो, का कार्य पूरा हो जाने के बाद राज्य कार्यालय का प्रधान मामले में अपेक्षित कार्रवाई के सुझाव सहित रिपोर्ट आयोग के सचिव को भेजेगा। रिपोर्ट का सारांश अथवा निष्कर्ष सचिव के सम्मुख रखे जाएं जो मामले में अगली कार्रवाई के बारे में निर्णय लेगा।

कतिपय रिपोर्टों की गोपनीयता

43. आयोग बैठक में अथवा अन्यथा निर्णय लेकर यह आदेश दे सकता है कि किसी मामले पर प्रस्तुत की गई रिपोर्ट की अन्तर्वस्तु गोपनीय रखी जायेगी और किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं प्रकट की जायेगी सिवाय उन व्यक्तियों के जिन्हें ऐसी रिपोर्ट देखने के लिए प्राधिकृत किया गया हो।

विधिक प्रक्रियाएं

44. ऐसे सभी "समन" और वारंट, जिन्हें आयोग द्वारा दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया जाना अपेक्षित है, विहित प्रपत्र में लिखे जायेंगे और उन पर आयोग की मुहर लगी होगी। आयोग के विधिक कक्ष से विधिक प्रक्रिया जारी की जायेगी और उस पर उसकी मुहर लगी होगी। विधिक प्रक्रियाओं की तामील के लिए लागू सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों का अनुपालन आयोग द्वारा किया जायेगा।

पत्रों तथा नोटिसों का जारी किया जाना

45. दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण से संबंधित ऐसे पत्रों तथा नोटिसों पर जिन्हें आयोग द्वारा दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग किए बिना जारी किया गया हो, किसी ऐसे अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जायेंगे जो अनुसंधान अधिकारी/अनुभाग अधिकारी से कम स्तर का न हो।

"समनों" तथा वारंटों के प्रपत्र

46. इन नियमों के साथ संलग्न प्रपत्र-II तथा प्रपत्र-III में क्रमश: "समन" और वारंट जारी किए जायेंगे।

अध्याय IV

आयोग की बैठकें

बैठकों की आवृत्ति

47. आयोग की दो माह में कम से कम एक बार बैठक बुलायी जायेगी। सामान्यत: बैठक की नोटिस दो सप्ताह पहले भेजी जायेगी। आयोग द्वारा जिन महत्वपूर्ण विषयों पर त्वरित विचार-विमर्श आवश्यक हो उनको निपटाने के लिए अध्यक्ष स्वयं या किसी सदस्य अथवा सचिव के अनुरोध पर आपात बैठक भी बुला सकता है।

कोरम

48. आयोग की बैठक के कोरम के लिए अध्यक्ष या उपाध्यक्ष तथा दो अन्य सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

ऐसे मामले जिन पर आयोग की बैठक में निर्णय लिया जाना अपेक्षित होगा।

49. आयोग की बैठक में विचार-विमर्श तथा निर्णय के लिए निम्नलिखित विषयों का ध्यान रखा जाना अनिवार्य होगा :—

(i) इन कार्यविधि नियमों में कोई संशोधन;

(ii) आयोग द्वारा सीधे ही अन्वेषण किए जाने वाले विषय;

(iii) सभी रिपोर्टें जिन पर नियमों के अनुसार आयोग द्वारा विचार किया जाना अपेक्षित है;

(iv) विषय जिसे कोई सदस्य अध्यक्ष के अनुमोदन से बैठक में प्रस्तुत करना चाहता हो,

(v) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और प्रगति के लिए योजना तथा विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषय और संविधान के अनुच्छेद 338(9) के अधीन प्राप्त हुए विशेष संदर्भ तथा

(vi) विषय जिसे अध्यक्ष आयोग की बैठक में प्रस्तुत करने का निदेश दें।

बैठक के लिए कार्यसूची

50. बैठक की कार्यसूची सामान्यतः बैठक की तिथि से कम से कम सात दिन पहले सभी सदस्यों को परिचालित की जायेगी परन्तु आपात बैठक के लिए यह समय सीमा लागू नहीं होगी।

51. बैठक का कार्यवृत्त शीघ्रातिशीघ्र सभी सदस्यों को परिचालित किया जायेगा।

आयोग की बैठक का स्थान

52. सामान्यतः आयोग की बैठक का स्थान नई दिल्ली स्थित आयोग का मुख्यालय होगा। परन्तु आयोग भारत में किसी अन्य स्थान पर भी बैठक आयोजित कर सकता है।

शुल्क

53. आयोग की बैठक में उपस्थित होने के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अथवा सदस्य किसी शुल्क के लिए हकदार नहीं होंगे । परन्तु यदि कोई अंशकालिक सदस्य हो तो उनकी पात्रता ऐसे सदस्यों की नियुक्ति की शर्तों में निर्धारित की जायेगी ।

अध्याय V

आयोग की "सिटिंग"

"सिटिंग की आवश्यकता"

54. जब आयोग को सीधे किसी मामले का अन्वेषण करना हो तो वह आयोग की "सिटिंग" बुला कर ऐसा कर सकता है । ऐसी "सिटिंग" के लिए सारे सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी ।

उपस्थित होने वाले अधिकारी

55. जब कभी सदस्य "सिटिंग" कर रहा/रहे हों तो यह आवश्यक होगा कि "सिटिंग" करने वाले सदस्य/सदस्यों द्वारा ठीक ढंग से कार्य सम्पन्न करने में सहायता के लिए आयोग का एक अधिकारी, जो अनुसंधान अधिकारी/अनुभाग अधिकारी से नीचे स्तर का न हो तथा जिसे इस कार्य के लिए विधिवत् नामित किया गया हो, उपस्थित हो । सदस्य/सदस्यों द्वारा इच्छा व्यक्त करने पर उस अधिकारी का कर्त्तव्य होगा कि वह रिपोर्ट तैयार करने में उसकी सहायता करे । निर्धारित कार्यविधि का अनुसरण करने में सदस्य/सदस्यों की सहायता करने के लिए भी वह अधिकारी उत्तरदायी होगा ।

"सिटिंग" की आवृत्ति

56. आयोग की "सिटिंग" जब कभी आवश्यक हो आयोजित की जा सकती है । आयोग देश के विभिन्न भागों में एक साथ एक से अधिक "सिटिंग" कर सकता है जिनमें विभिन्न सदस्य अलग-अलग काम निपटायेंगे ।

"सिटिंग" का कार्यक्रम

57. प्रत्येक माह में मुख्यालय एवं अन्य स्थानों पर होने वाली "सिटिंग" का कार्यक्रम सामान्यतः पहले ही बना लिया जाएगा तथा उसे विधिवत् परिचालित किया जाएगा ।

साक्षियों के व्ययों की अदायगी

58. आयोग उन व्यक्तियों के यात्रा व्ययों की अदायगी करेगा जिन्हें "समन" देकर आयोग की "सिटिंग" में उसके सम्मुख प्रस्तुत होने के लिए बुलाया गया हो, बशर्ते कि उस व्यक्ति के निवास स्थान की दूरी आयोग की "सिटिंग" के स्थान से 8 किलोमीटर से अधिक हो । इस प्रकार अदा की जाने वाली राशि वास्तविक यात्रा व्यय एवं जितने दिन वह व्यक्ति आयोग की "सिटिंग" में उसके सम्मुख प्रस्तुत हुआ है उसने दिनों के दैनिक भत्ते तक सीमित होगी, बशर्ते कि वह व्यक्ति किसी अन्य स्रोत से यात्रा एवं दैनिक भत्ता पाने का हकदार न हो । सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के कर्मचारियों को यदि आयोग के सामने अभिसाक्ष्य देने या दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए "समन" द्वारा बलाया जाता है तो उन्हें ड्यूटी पर माना जाएगा । यात्रा व्ययों की सीमा आयोग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर परिकलित रेल भाड़ा एवं सड़क मील भत्ता के आधार पर निश्चित की जाएगी । किसी व्यक्ति के हक के बारे में किसी शक की स्थिति में सचिव का निर्णय अंतिम होगा ।

59. "सिटिंग" के लिए सदस्य से सम्बद्ध अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा कि यदि बैठक आयोग के मुख्यालय से भिन्न अन्य स्थान पर हो रही है तो पर्याप्त नकद राशि साथ में लाई गई है । आयोग का सचिवालय यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्यविधि तय कर सकता है कि आयोग के सम्मुख प्रस्तुत होने वाले उपर्युक्त प्रकार के दावों की नकद अदायगी व्यक्ति/व्यक्तियों को उसी स्थान पर कर दी जाए ।

60. उपर्युक्त प्रकार के यात्रा व्ययों के दावे उस व्यक्ति के मामले में स्वीकार्य नहीं होंगे जो आयोग द्वारा किसी अन्वेषण या जांच के दौरान उसके सम्मुख स्वेच्छा से प्रस्तुत होता है या किसी पत्र या सूचना के उत्तर में जो आयोग द्वारा जारी "समन" नहीं है ।

अध्याय VI

आयोग के राज्य कार्यालयों के कर्त्तव्य

61. आयोग के राज्य कार्यालयों के निम्नलिखित कर्त्तव्य होंगे :

(1) उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले राज्यों में आयोग के "आंख और कान" के रूप में कार्य करना;

(2) आयोग की ओर से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ कारगर पारस्परिक संबंध और सम्पर्क बनाना;

(3) आयोग की ओर से राज्य स्तरीय सलाहकार परिषदों/समितियों/निगमों आदि में भाग लेना;

(4) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और प्रगति के लिए संघ सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में राज्य सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और उनके संबंधित अधिकार क्षेत्र में मीडिया को सूचना और प्रलेखन देना । इसी प्रकार की सूचना और प्रलेखन ऐसे संगठनों से प्राप्त करना और अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के हितों पर राज्य में प्रभाव डालने वाले महत्वपूर्ण विकास, सामाजिक गतिविधियों, नीति-परिवर्तन आदि के बारे में सूचना/प्रलेखन आयोग के मुख्यालय को उपलब्ध करवाना;

(5) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अनुसंधान अध्ययनों और किसी अन्य विकास कार्य के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, केन्द्र सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों तथा संबंधित राज्य सरकारों, विदेशी सहायता अभिकरणों आदि से सहायता अनुदान प्राप्त कर रहे/स्वयंसेवी तथा गैर-सरकारी संगठनों के कार्यकरण का अनुवीक्षण करना और सहयोग देना ;

(6) उनके द्वारा स्वयं अथवा मुख्यालय द्वारा समय-समय पर उनको सौंपे गए अनुसंधान अध्ययन, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, सर्वेक्षण आदि का संचालन करना ;

(7) उनके द्वारा स्वयं अथवा मुख्यालय द्वारा उनको सौंपे गए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों पर हुए अत्याचार के मामलों की स्थलीय जांच करना और संबंधित प्रशासनिक/पुलिस प्राधिकारियों से विचार-विमर्श करना तथा मुख्यालय को सूचना देना ;

(8) व्यक्तियों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण संस्थाओं आदि से विभिन्न विषयों पर प्राप्त शिकायतों/अभ्यावेदनों का निपटान करना;

(9) भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 की धारा 5 के अधीन निर्धारित किए गए के अनुसार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए योजना प्रक्रिया में भाग लेना और सलाह देना ;

(10) एस.सी.पी., टी.एस.पी. तथा एम.सी.ए. के विशेष संदर्भ में राज्यों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के विकास से संबंधित मुद्दों को एकत्र करना, संकलित करना, विश्लेषण करना तथा अनुवीक्षण करना और उनके अधिकार क्षेत्र के अधीन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों संबंधित रिपोर्टों का मसौदा तैयार करना ;

(11) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या, शिक्षा, विकास आदि का एक विस्तृत और अद्यतन आंकड़ा आधार तैयार करना और बनाए रखना ;

(12) आयोग अथवा सचिव अथवा इस संबंध में अधिकार प्राप्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा राज्य कार्यालय/कार्यालयों को विशेष रूप से निर्दिष्ट/सौंपे गए किसी अन्य कर्त्तव्य का पालन करना ।

अध्याय VII

आयोग की परामर्शी भूमिका

आयोग के राज्य सरकारों के साथ पारस्परिक सम्बन्ध

62. आयोग अपने सदस्यों, सचिवालय एवं राज्य कार्यालयों के माध्यम से राज्य सरकारों से पारस्परिक सम्बन्ध रखेगा ।

63. किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्रभारी सदस्य बैठकों, व्यक्तिगत संपर्कों, मुलाकातों और पत्रव्यवहार के द्वारा राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से पारस्परिक सम्बन्ध रखेगा । इस संबंध में सूचना संबंधित विभाग/संगठन को काफी समय पहले भेजी जाए तथा राज्य कार्यालयों को भी इसके बारे में सूचना भेजी जानी चाहिए । इसके लिए आयोग द्वारा विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाए

जा सकते हैं । आयोग का सचिवालय अपने संबंधित स्कंधों के माध्यम से सदस्य को आवश्यक सहायता एवं सूचना देगा जिससे वह अपना कार्य प्रभावी ढंग से कर सकें । राज्य सरकारों द्वारा सदस्य को उसकी पात्रता के अनुसार परिवहन, सुरक्षा, आवास आदि की सुविधाएं दी जानी चाहिए ।

योजना आयोग के साथ पारस्परिक सम्बन्ध

64. आयोग, योजना आयोग के साथ उपयुक्त स्तरों पर विभिन्न समितियों, कार्यकारी दलों या योजना आयोग द्वारा गठित इस प्रकार के अन्य निकायों में प्रतिनिधित्व के माध्यम से पारस्परिक संबंध रखेगा । आयोग, योजना आयोग को सामान्य या विशिष्ट पत्रों द्वारा इस आवश्यकता का संकेत देगा ।

65. आयोग, योजना आयोग से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित योजना तथा विकास की प्रक्रिया सम्बन्धी दस्तावेजों और सभी कार्यक्रमों तथा योजनाओं के मूल्यांकन सम्बन्धी दस्तावेजों की प्रतियां अग्रेषित करने का अनुरोध कर सकता है ।

66. आयोग अपने अध्यक्ष/सदस्यों तथा योजना आयोग के उपाध्यक्ष/सदस्यों के बीच पारस्परिक सम्बन्ध के स्वरूप के संबंध में निर्णय कर सकता है ।

राज्य सरकारों के साथ राज्य कार्यालयों का पारस्परिक सम्बन्ध

67. आयोग के राज्य कार्यालय इस ढंग से काम करेंगे कि वे संबंधित राज्य सरकारों तथा आयोग के बीच नियमित एवं प्रभावी कड़ी बन सकें । इसके लिए आयोग राज्य सरकारों को यह सुझाव देते हुए पत्र भेज सकता है कि आयोग के राज्य कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों को अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण, संरक्षण और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण योजना, मूल्यांकन एवं परामर्शी निकायों में, जिनमें निगम भी शामिल है, लिया जाये ।

68. राज्य कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों को आयोग द्वारा निदेश या प्राधिकार दिया जा सकता है कि किसी बैठक या विचार-विमर्श से उत्पन्न किसी मुद्दे या विशिष्ट या सामान्य मामले पर वे आयोग का औपचारिक दृष्टिकोण या राय किसी राज्य प्राधिकारी को पहुंचायें ।

अनुसंधान/अध्ययन/सर्वेक्षण/मूल्यांकन

69. संघ या राज्य सरकारों द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए चलाई जा रही विकास योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए आयोग अध्ययन करा सकता है। इस योजना में आयोग मुख्यालय में या राज्य कार्यालयों में अध्ययन दलों का गठन कर सकता है । अध्ययन दल स्वतंत्र रूप से अथवा केन्द्र या राज्य सरकारों के प्राधिकारियों या विश्वविद्यालयों या अनुसंधान निकायों के सहयोग से अन्वेषण, सर्वेक्षण या अध्ययन कर सकते हैं ।

70. आयोग किसी सर्वेक्षण या मूल्यांकन अध्ययन को किसी पेशेवर निकाय या व्यक्ति को सौंप सकता है जो इस प्रकार का कार्य करने के लिए उपयुक्त एवं सक्षम हो, तथा इसके लिए ऐसे निकाय या व्यक्ति को अध्ययन की लागत के रूप में शुल्क या अनुदान द्वारा उचित भुगतान कर सकता है ।

71. इस प्रकार किए गए अध्ययन या उसके सार आयोग की वार्षिक या विशेष रिपोर्ट का भाग हो सकते हैं जिसे राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया जाना है या जिसे आयोग अलग से प्रकाशित करना चाहे ।

72. आयोग ऐसे अध्ययन रिपोर्ट की एक प्रति सम्बन्धित संघ या राज्य सरकार को अग्रेषित कर सकता है और उस पर उसकी टिप्पणी मंगा सकता है । संघ या राज्य सरकार की टिप्पणी या उसके द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आयोग की वार्षिक रिपोर्ट का भाग हो सकती है ।

अध्याय VIII

आयोग की अनुवीक्षण (मॉनिटरिंग) कार्य

आयोग द्वारा अनुवीक्षण के विषयों का निर्धारण

73. आयोग समय-समय पर निश्चित करेगा कि संविधान या वर्तमान में लागू किसी अन्य विधि या सरकार के किसी आदेश के अधीन अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को दिए गए सुरक्षणों और अन्य आर्थिक-सामाजिक विकास उपायों से संबंधित किन विषयों या मामलों और क्षेत्रों का अनुवीक्षण किया जाए ।

विवरणियां (रिटर्न) एवं रिपोर्टें निर्धारित करना

74. आयोग जिस विषय का अनुवीक्षण कर रहा है उसके लिए उत्तरदायी या उस पर नियंत्रण रखने वाले किसी प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए जाने के लिए आयोग आवधिक विवरणियां या रिपोर्टें निर्धारित कर सकता है ।

75. आयोग समय-समय पर अपने राज्य कार्यालयों को किसी विशेष विषय या मामले पर राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों, नियमित निकायों, या किसी अन्य प्राधिकारी से जिस पर अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों को दिए गए सुरक्षणों को लागू करने का भार है, सूचना एवं आंकड़े एकत्र करने का अनुदेश दे सकता है ।

76. आयोग अपने राज्य कार्यालयों को सूचना या आंकड़ों का अध्ययन करने का निर्देश दे सकता है जिससे आंकड़ों के इस प्रकार के अध्ययन या विश्लेषण से कमियों या दोषों के संबंध में किसी निर्णय पर पहुंचा जा सके तथा उनकी ओर सम्बन्धित प्राधिकारी का ध्यान आकर्षित किया जा सके ।

77. आयोग अनुवीक्षण किए जा रहे विषयों से संबंधित आंकड़े मुख्यालय में एकत्रित करा सकता है तथा इसके लिए विवरणियां एवं रिपोर्टें निर्धारित कर सकता है। वह केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों के मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अन्य निकायों या प्राधिकारियों को, जो अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित सुरक्षण लागू करने के लिए उत्तरदायी हैं, कह सकता है, कि वे इन विवरणियों और रिपोर्टों में अपेक्षित आंकड़े और सूचना आयोग के मुख्यालय को सीधा भेजें।

अनुवर्ती कार्रवाई

78. यह सुनिश्चित करने के लिए कि अनुवीक्षण प्रभावी ढंग से किया जा रहा है, आयोग उपयुक्त नियमों के अनुसार निर्धारित सूचना प्राप्त करने तथा किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद यथाशीघ्र संबद्ध प्राधिकारी को सुरक्षणों को लागू करने में पाए गए दोषों का विवरण देते हुए तथा सुधार के उपाय सुझाते हुए पत्र भेज सकता है। ऐसा पत्र भेजने का निर्णय मुख्यालय में संयुक्त सचिव/सचिव से नीचे स्तर पर नहीं लिया जाएगा राज्य कार्यालयों में प्रभारी निदेशक नेमी मामलों में निर्णय ले सकते हैं जबकि एक समूह के रूप में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के हितों पर प्रभाव डाल रहे जटिल और महत्वपूर्ण मामलों पर वे सचिव और संबंधित सदस्य का अनुमोदन प्राप्त करेंगे ।

79. आयोग नियम 78 के प्रावधान के अधीन भेजे गए पत्र के अनुसरण में की गई कार्रवाई के संबंध में संबद्ध प्राधिकारी की टिप्पणी मांग सकता है।

80. संविधान या वर्तमान में लागू किसी अन्य विधि या संघ/राज्य सरकार के किसी आदेश के अधीन अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को प्रदत्त सुरक्षणों और सामाजिक-आर्थिक विकास उपायों से संबंधित विषयों के अनुवीक्षण की प्रक्रिया से प्राप्त किए गए जांच परिणामों और निष्कर्षों को आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट या किसी विशेष रिपोर्ट में सम्मिलित कर सकता है।

अध्याय IX

आयोग द्वारा किए जाने वाले अनौपचारिक कार्य

81. यदि कोई ऐसा विषय या मामला है जो विधि के अन्तर्गत ठीक-ठीक नहीं आता परन्तु वह इस प्रकार का है कि उसमें अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी व्यक्ति या ऐसे व्यक्तियों के समूह का कल्याण अंतर्निहित है तथा इन वर्गों के लोगों के हितों के रक्षक के रूप में अपनी स्वाभाविक क्षमता के कारण आयोग के लिए उसमें कार्रवाई आवश्यक है तो ऐसे विशेष मामले में आयोग पत्राचार शुरू कर सकता है ऐसे मामलों में पत्राचार के लिए निर्णय निदेशक अथवा उससे ऊपर के स्तर पर लिया जाएगा।

82. आयोग के सभी नेमी औपचारिक पत्र किसी अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी किए जायेंगे जो अनुसंधान अधिकारी/अनुभाग अधिकारी से नीचे स्तर का नहीं होगा।

83. आयोग अपने सचिव के माध्यम से मुकदमा चला सकता है या उस पर मुकदमा चलाया जा सकता है।

84. इन नियमों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों से वही अभिप्राय होगा जैसा संविधान के अनुच्छेद 338 के खंड 10 में दिया गया है।

केन्द्रीय सरकार के नियमों आदि की प्रयोजनयता

85. केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए सभी नियम, विनियम और आदेश जो मंत्रालयों/विभागों में लागू है आयोग में भी लागू होंगे ।

86. भारत सरकार में वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन से संबंधित प्रावधान आयोग के सदृश अधिकारियों पर लागू होंगे ।

स्टाफ कारों का उपयोग

87. भारत सरकार के स्टाफ कार नियम आयोग में स्टाफ कारों के उपयोग पर लागू होंगे ।

इन नियमों में उल्लेख न किए गए मामलों पर निर्णय

88. यदि किसी ऐसे मामले पर प्रश्न उठता है जिसके लिए इन नियमों में कोई प्रावधान नहीं है तो अध्यक्ष का निर्णय मांगा जाएगा। यदि अध्यक्ष उचित समझता है तो वह आयोग की बैठक में मामले पर विचार करने का निदेश दे सकता है।

[सं० 1/2/98-सी. सैल]

ए. पार्थसारथी, सचिव

प्रपत्र I

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत एक संवैधानिक निकाय)

पांचवां तल, लोकनायक भवन,

नई दिल्ली-110003

(मूल तथ्यों को एकत्र करने के लिए नोटिस)

प्रति :

_____

_____

_____

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग को —————————— में दिनांक ——— में——————————————————————शीर्षक में छपे प्रेस समाचार से याचिका/शिकायत/सूचना प्राप्त हुई है (प्रति संलग्न) और आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है, अतः आपसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि आप इस सूचना के प्राप्त होने के 30 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को डाक से या स्वयं उपस्थित होकर या किसी अन्य संचार साधन से सभी तथ्य तथा आरोपों/मामलों पर की गई कार्रवाई से संबंधित सूचना प्रस्तुत करें ।

कृपया ध्यान रखें कि यदि नियत अवधि में आयोग को आपका उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो वह भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत उसे प्रदत्त दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको "समन" जारी कर सकता है ।

हस्ताक्षर

निदेशक/अवर सचिव/उप निदेशक/सहायक निदेशक/
अनुसंधान अधिकारी/अनुभाग अधिकारी

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग

दिनांक : ——————————

प्रपत्र II

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करने वाला एक संवैधानिक निकाय)

समन

पत्र सं. :

पांचवां तल, लोकनायक भवन,
नई दिल्ली-110003

प्रति :

——————————————————
——————————————————
——————————————————

चूंकि राष्ट्रीय आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए निम्नलिखित मामले का अन्वेषण करने का निश्चय किया है, अतः राष्ट्रीय आयोग के समक्ष दिनांक————19———— को ——————————बजे में आपकी उपस्थिति एतद्द्वारा अपेक्षित है । आप राष्ट्रीय आयोग द्वारा जांच के लिए संबंधित दस्तावेज अपने साथ लायें ।

मामले का संदर्भ :

यदि आप बिना किसी विधि-सम्मत कारण के इस आदेश का अनुपालन नहीं करते तो आपको सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश XVI के नियम 12 में दिए गए अनुपस्थिति के परिणाम भुगतने होंगे ।

————————————————————19——————के ——————————————

दिन मेरे हस्ताक्षर और दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय आयोग की मुहर से दिया गया ।

मुहर

न्यायालय अधिकारी

प्रपत्र III

(साक्षी को गिरफ्तार करने का वारंट)

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करने वाला एक संवैधानिक निकाय)

पांचवां तल, लोकनायक भवन,
नई दिल्ली-110003

प्रति :

————————————
————————————
————————————

चूंकि ————————————निवासी ———————————— को विधिवत् "समन" भेजा गया था पर वह उपस्थित नहीं हुए ("समन" से बचने के लिए फरार या अप्राप्य रहे) अतः भारत के संविधान के अनुच्छेद 338(8) के अन्तर्गत दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग एतद्द्वारा आपको आदेश देता है कि आप कथित ———————————— को गिरफ्तार कर नई दिल्ली में राष्ट्रीय आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें ।

आपको आगे आदेश दिया जाता है कि आप ————————19————————के ———— दिन या उससे पहले इस वारंट को पृष्ठांकन के साथ वापस करें और प्रमाणित करें कि इस वारंट पर किस दिन और किस प्रकार कार्यान्वयन किया गया है और यदि कार्यान्वयन नहीं किया गया है तो उसका कारण बतायें।

————————19————————के ————————दिन मेरे हस्ताक्षर और दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय आयोग की मुहर से दिया गया।

हस्ताक्षर

मुहर

NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

New Delhi, the 7th March, 1999

G.S.R. 184.—RULES OF PROCEDURE OF THE NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

CHAPTER 1

GENERAL

Constitution of the Commission

1. The National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes (hereinafter called the commission) has been constituted under Article 338 of the Constitution of India as amended by the Constitution (Sixty-fifth Amendment) Act, 1990. The Commission shall consist of a Chairperson, a Vice-Chairperson and five other Members.

Headquarters of the Commission

2. The Headquarters of the Commission shall be located at New Delhi.

State Offices of the Commission

3. The Commission shall have under its control the following State Offices :

Location	Jurisdiction
1. Agartala	Tripura
2. Ahmedabad	Gujarat, and UT of Dadra and Nagar Haveli
3. Bangalore	Karnataka
4. Bhopal	Madhya Pradesh
5. Bhubaneswar	Orissa
6. Calcutta	West Bengal, Sikkim and UT of A & N Islands
7. Chandigarh	Punjab, Haryana, Himachal Pradesh, J & K and UT of Chandigarh
8. Guwahati.	Assam, Arunachal Pradesh, Manipur and Nagaland
9. Hyderabad	Andhra Pradesh
10. Jaipur	Rajasthan
11. Lucknow	Uttar Pradesh

12. Madras	Tamil Nadu and UT of Pondicherry
13. Patna	Bihar
14. Pune	Maharashtra, Goa and UT of Daman & Diu
